भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1306

जिसका उत्तर 09 फरवरी, को दिया जाना है। 2023

.....

ब्रह्मपुत्र नदी मे कटाव

1306.श्री एम.बदरुद्दीन अजमल:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को असम के दक्षिणी शालमारा-मानकाचर जिले में कोकराडांगा और इसके आस-पास के क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर ब्रह्मपुत्र नदी द्वारा लगातार हो रहे कटाव की जानकारी है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि निरंतर होने वाले उक्त कटाव के कारण अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सड़क और बाड़ब्रह्मपुत्र नदी में डूब जाएगी जिससे देश की सुरक्षा पर खतरा होगा;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में की गई/की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई और कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस प्रयोजनार्थ जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्तिराज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडु)

(क):जी हां। असम सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, बेराभंगा, सुकचर, नेवाजेसपुर, कोकराडांगा जैसे क्षेत्रों में वर्ष 2018 से ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे के तट पर गंभीर भूमि कटाव हो रहा है। वर्ष 2022 के दौरान, ब्रह्मपुत्र नदी के कई नए ऑफ-शूट चैनलों के विकास के कारणउपर्युक्तै क्षेत्रों में नदी के किनारे गंभीर तट कटाव हुआ।

(ख): असम सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, नदी के किनारों पर भूमि कटाव से इनमें से कुछ क्षेत्रों में सीमा सड़क और बाड़ टूट सकती है।

(ग) और (घ):बाढ़ प्रबंधन संबंधी कार्य संबंधित राज्य सरकार द्वारा निष्पारदित किए जाते है। तदनुसार, असम सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2023-23 की बाढ़ के दौरान कोकराडांगा में "वर्ष 2022-23 के लिए एसडीआरएफ के तहत ब्रह्मपुत्र नदी की बाढ़ से कालीरलगा क्षेत्र की

अस्थायी पुन:स्था पन के लिए तत्काल उपाय" योजना के तहत 25.14 लाख रुपये की राशि से कार्यान्वयन के लिए एक आपातकालीन अस्थायी पुन:स्था4पन उपाय, शुरू किया गया था।

इसके अलावा, असम सरकार के जल संसाधन विभाग ने नवाजेसपुर से कालीरालगा (कोकराडांगा) और इसके आस-पास के क्षेत्रों को संरक्षित करने के लिए 23.91 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से "ब्रह्मपुत्र नदी के कटाव से नवाजेसपुर से कालीरलगा और इसके आसपास के क्षेत्रों की रक्षा के लिए कटाव-रोधी उपाय" नामक एक योजना तैयार की है।

उपरोक्त के अलावा, भारत सरकार ने "ब्रह्मपुत्र नदी के कटाव से मनकाचर, कलायर-अल्गा अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र का संरक्षण" योजना को मंजूरी दी है, जिसे ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा 18.50 करोड़ रुपये के व्यय के साथ निष्पादित किया गया है। यह कार्य वर्ष 2021-22 में पूर्ण किया गया है।

****